तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

12 बैंक स्क्वेयर में एक छत के नीचे होंगे 32 कार्यालय



12 एमएसडी कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोपी काबू

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने बिंझौल गांव में घर में तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोपी मंजीत को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रोबिन नैन ने बताया कि पूछताछ में आरोपी मंजीत ने गांव में रौब बनाने को उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। मंजीत पर सुरेश की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपी मंजीत पेशेवर अपराधी है और उस पर हत्या, डकैती, चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट व एससी एसटी एक्ट आदि के 11 केस दर्ज है।

### फायरिंग कर रंगदारी मांगने वाला पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत एएनसी पुलिस टीम ने बिहौली गांव में घर पर हुई फायरिंग और रंगदारी मांगने की वारदात के आरोपी मोहित निवासी विकास नगर को गिरफ्तार कया है। इस मामले में थाना बापौली में बिहौली गांव निवासी प्रदीप की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपी मोहित पर चोरी व जान लेवा हमला करने के दो केस दर्ज है। इधर, पुलिस ने मोहित को कोर्ट में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### घर से गहने व नकदी चोरी का आरोपी काबू

**करनाल।** पुलिस ने चांदी की पेजब और नकदी चोरी करने वाले आरोपी संदीप निवासी जोहड़ माजरा कलां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 10 अक्तूबर को घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने एक दिन का रिमांड लेकर उससे पूछताछ की, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया।

### डोडा पोस्त सहित महिला आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने असंध निवासी राजिवंदर कौर को 14 किलो 350 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी नशीले पदार्थों से संबंधित मामले दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम ने बरामद नशीले पदार्थ की मात्रा को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नवाचार और डिजिटल शिक्षा पर फोकस

**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर में प्राचार्यों के लिए आयोजित एनईपी-2020 के क्रियान्वयन हेतु रोडमैप प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन नवाचार, डिज़ाइन थिंकिंग और डिजिटल शिक्षा को केंद्र में रखते हुए विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। डॉ. हजारीलाल ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 पर गहन सत्र लेते हुए नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यचर्या परिवर्तन, शिक्षण पद्धतियों और मूल्यांकन पद्धति पर प्रकाश डाला।

# पर्यटक चखेंगे देसी घी का चूरमा, गुड़ का हलवा, खीर और जलेबी का स्वाद

### हरियाणा पैवेलियन बनेगा व्यंजन का मुख्य आकर्षण केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जारी

10वें अंतरराष्ट्रीय गीता जयन्ती समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा सरकार के आर्ट एंड कल्चर तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हरियाणा पैवेलियन तैयार किया जा रहा है जहां विभिन्न प्रकार के हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद पर्यटक चखेंगे। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में हरियाणा प्रदेश अपने हरियाणवी खान-पान के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हरियाणा के लिए देशों में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाणा वाक्य भी बहुत प्रचलित है। इसी की सार्थकता को साबित करते हुए इस बार हरियाणा पैवेलियन में देश-विदेश एवं दूर-दराज से आने वाले पर्यटक हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद चखेंगे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटक हरियाणवी रसोई के माध्यम से देसी घी का चूरमा, गुड़ का हलवा, खीर, देसी घी की जलेबी, मीठी लस्सी, नमकीन लस्सी, देसी घी की टिक्की, दही बल्ले, देसी घी के ड्राई फ्रुट लड्डू, देसी घी के गुलाब जामून, तिल्ला कुल्फी, राजमा चावल, गोल गप्पे आदि का स्वाद चखेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हरियाणवी खान-पान एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष पहचान है।







कुरुक्षेत्र। मेला परिसर में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार, ऊंट की सवारी करता बच्चा तथा झूले का आनंद लेते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

#### सेल्फी केन्द्र बनेंगे आकर्षण का केन्द्र

*युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक एवं हरियाणा पैवेलियन के इंचार्ज प्रो. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में इस बार दो सैल्फी केन्द्र बनाए जाएंगे। गीता जयंती समारोह में एक ओर जहां सैल्फी प्वाइंट में भगवान श्रीकृष्ण का विराट स्वरूप आने वाले दर्शकों एवं पर्यटकों का आकर्षित करेगा वहीं दूसरी ओर दूसरा सैल्फी प्वाइंट हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटक सैल्फी प्वाइंट पर जाकर सैल्फी ले सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पैवेलियन में झोपड़ी, हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी प्राचीन वस्तुओं को भी प्रदर्शित की जाएगा जोकि पैवेलियन में आने वाले पर्यटकों को हरियाणा की गौरवशाली लोक कला एवं ग्रामीण संस्कृति के दर्शन करवाएगी।*

### शिल्पकला से सजे ब्रह्मसरोवर के तट

ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में विभिन्न राज्यों से आये दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपडे पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे है। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल व मध्य प्रदेश के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, असम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतियां, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व अन्य कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाईनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### ब्लड डोनेशन कैंप जारी

**कुरुक्षेत्र।** यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर बूथ नंबर 747 पर ब्लड एवं स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी है। संस्था के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षो से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर वर्ष 2017 से लगातार रक्तदान एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। संस्था के नाम कई कीर्तिमान स्थापित है।

## पोक्सो एक्ट के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

*दो लाख जुर्माना भी देना होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी मनित कुमार वासी जिला कुरुक्षेत्र को 20 साल कठोर कारावास व 2 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

थाना केयूके एरिया वासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पेहवा वासी एक लड़का उसकी नाबालिग लडकी को शादी के लिए बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत पर जांच के दौरान गुमशुदा लड़की को बरामद किया गया तथा मैडिकल करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने दोषी को 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 366 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा व पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

#### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** जिले के छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक में बहला फुसला कर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की को गांव का ही गुरविंदर सिंह काफी दिनों से पीछा कर परेशान कर रहा था। इस दौरान 17 नवंबर को आरोपी उसकी लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया।

### ब्रह्मसरोवर में डूबने से महिला की मौत

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान वीरवार शाम ब्रह्मसरोवर में एक महिला डूब गई। उसे तुरंत राज्य प्रतिक्रिया बल की टीम ने पानी से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल भेज दिया। जहां महिला की मौत हो गई। महिला के पास से आधार कार्ड मिला है, जिससे उसकी पहचान शांति देवी (42) हाल किराएदार गांव धुराला जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई। महिला मूल रूप से बिहार के बेगूसराय की रहने वाली थी। शांति ब्रह्मसरोवर पर महोत्सव में आई हुई थी। एसडीआरएफ के इंचार्ज राजेश हुड्डा ने बताया कि उनकी पूरी टीम ब्रह्मसरोवर में बोट से गश्त कर रही थी। तभी टीम को ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर कुछ तैरता हुआ दिखा। टीम ने नजदीक जाकर जांच की तो पानी में महिला डूब रही थी।

## धोखाधड़ी के आरोपी को सुनाई पांच साल कारावास की सजा

*फ्री होल्ड प्लाट का दिया लालच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश की अदालत ने धोखाधड़ी के आरोपी मलूक सिंह वासी रणजीत नगर अमृतसर पंजाब को 5 साल कारावास व 72 हजार 500 रुपए जुमनि की सजा सुनाई है। अरुण तनेजा वासी पेहवा जिला ने पुलिस को बताया कि पेहवा मार्किट में उसकी दुकान है। कुछ समय पहले उसकी दुकान पर मलूक सिंह आया और उसको एक कंपनी के बारे में बताया जो कि किस्तों पर पैसे लेकर फ्री होल्ड प्लाट व फ़्लैट उपलब्ध करवाती है। वह आरोपी की बातों में आ गया और वर्ष 2016 से 2019 के बीच उसने आरोपी को करीब 4 लाख रुपये किस्तों में दिए। मार्किट से उसके कई साथियों ने भी आरोपी के द्वारा बताए तरीके से पैसे किस्तों में दिए और बदले में पॉलसी व बांड प्राप्त किये। कुछ समय बाद जब वह किस्त जमा करने उसके ऑफिस में गये तो ऑफिस बंद मिला और फोन भी ऑफ किया हुआ था। उनको अपने साथ धोखाधड़ी का अहसास हुआ। जिसकी शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच की गई।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोषी मलूक सिंह वासी रणजीत नगर अमृतसर पंजाब को 5 साल कठोर कारावास व 72 हजार 500 रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

#### छीनाझपटी के आरोपी को 5 साल की कैद

**कुरुक्षेत्र।** धोखाधड़ी व छीनाझपटी के आरोपी ओमप्रकाश वासी महमूदपुर रूडकी जिला पटियाला को 5 साल कारावास व 12 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। जसबीर सिंह वासी कुरुक्षेत्र ने शिकायत में बताया कि वह टैम्पू पर फल बेचने का काम करता है। उसके पास ओमप्रकाश वासी महमूदपुर जिला पटियाला आया और उससे 2 लाख 50 हजार रुपए की मांग की और कहा कि कुछ समय में वह उसके पैसे दोगुने करके वापस कर देगा। वह उसकी बातों में आ गया और टैम्पू में पैसे लेकर उसके साथ चल दिया। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसके पैसे छीनकर भाग गए।

## अंगदान जरूरतमंद के लिए वरदान : डॉ. नीना

**करनाल।** मोहन फाउंडेशन की एंबेसडर और बीआरएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की सहायक प्राध्यापक डॉ. नीना ने बैंक ऑफ बड़ौदा, रिजनल ऑफिस करनाल में कर्मचारियों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अंगदान मृत्यु के उपरांत किया जाने वाला सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है। डॉ. नीना ने बताया कि देश में हर वर्ष हजारों मरीज अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में समय पर अंगदाता न मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद व्यक्ति अपने अंगों के माध्यम से किसी अन्य के जीवन में जीवित रह सकता है। उन्होंने उदाहरणों का हवाला देते हुए बताया कि मस्तिष्क मृत्यु के बाद हृदय, किडनी, लिवर, त्वचा और आंखें दान की जा सकती हैं, जिनसे कई लोगों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कर्मचारियों को टोल-फ्री नंबर 1800-0103-7100 पर संपर्क कर अंगदाता कार्ड बनवाने की प्रक्रिया भी बताई।इस अवसर पर रिजनल हेड राजवीर सिंह, उप रिजनल हेड अशोक कुमार, गगनदीप कौर और सचिन सुखीजा ने कार्यक्रम की सराहना की।

## महिला ने रोडवेज कंडक्टर को बंधक बनाकर पीटा

■ थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** रोडवेज डिपो की बस में नियुक्त कंडक्टर राजेश सैनी के साथ पानीपत के नए शुगर मिल के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर बंधक बना कर मारपीट की गई। वहीं आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालिका ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार का फोन करवा कर कंडक्टर राजेश सैनी से माफी मंगवाने के लिए सोनीपत जिला के रोडवेज अधिकारियों से दबाव बनवाया। इधर, मंत्री के दबाव के चलते कंडक्टर राजेश माफी मांगने के लिए पंप पर पहुंचा तो यहां पर पंप कर्मचारियों ने राजेश को बंधक बना लिया और पंप संचालिका महिला ने कंडक्टर राजेश सैनी को बुरी तरह से पीटा। वहीं, मारपीट से दुखी कंडक्टर राजेश सैनी ने इस मामले की शिकायत इसराना थाना पुलिस से की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि कंडक्टर राजेश सैनी ने मंगलवार को चंडीगढ से गोहाना जाते समय बस में सवार एक बच्चे से पंप के पास यूरीन पास करवाया था। इस घटना से पंप संचालिका नाराज थी, हालांकि कंडक्टर राजेश सैनी ने मौके पर ही पंप संचालिका से माफी मांग ली थी। वहीं राजनीतिक रसूख रखने वाली पंप संचालिका, राजेश की माफी मांगने से संतुष्ट नहीं थी।

### जिला सचिवालय में विकास कार्यों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

# विकास कार्यों को समयावधि में करें पूरा : श्याम सिंह राणा

■ निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता भी जांचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को समय अवधि में विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त निर्देश जिला सचिवालय में आयोजित खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की बैठक में दिए। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिला में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे। कृषि मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य नवंबर माह तक पूर्ण कर लें। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की भी निरंतर जांच व चैकिंग करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी किसानों व आमजन के लिए आए बजट का पूरा इस्तेमाल करने के लिए इसका आंकलन कर लें। ताकि बजट लैप्स ना हो जाए। रेडक्रास समिति को पंजीकृत किए गए पात्र दिव्यांग नागरिकों को ट्राई साइकिल व कृत्रिम अंग तथा कानों की मशीन वितरित करने के लिए 5 लाख रुपये दिए। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर सरकार द्वारा जो पैसा आता है उसका अधिकारी सदुपयोग करें। ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। उन्होंने खनन प्रभावित गांवों की सूची तैयार करने को कहा ताकि उन गांवों पर विशेष ध्यान दिया जा सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि सभी विभाग अपना कार्य तय सीमा में पूरा करेंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कार्यों को तय सीमा में पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला खनन अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल व सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार आदि मौजूद थे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में विकास कार्यों को लेकर आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

#### उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें

*कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आबादी के अंदर अनुसूचित जाति (एससी) की धर्मशाला व अम्बेडकर भवन दोनों को इसमें शामिल किया जाए। इन भवनों में सोलर इन्वर्टर लाइट लगाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अब तक जो भी विकास कार्य करवाए गए हैं संबंधित अधिकारी उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र जमा करें ताकि आगे अन्य विकास कार्य किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी हरियाणा सरकार की सभी नीतियों व योजनाएं को अमल में लाने के सारे उपाय करें ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले।*

## अजरबैजान भेजने के नाम पर 70 हजार ठगे, केस दर्ज

■ टिकट कैंसिल कर रकम लौटाने से किया इनकार

■ आरोपी ने पीड़ित को दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अजरबैजान भेजने के नाम पर 70 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित की फ्लाइट टिकट तक बुक कराकर भरोसा दिलाया, लेकिन यात्रा से ठीक छह दिन पहले टिकट रद्द करवा दी। बाद में पैसे लौटाने की मांग करने पर आरोपित ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी।

अंसल टाउन निवासी कंचन साहनी ने पुलिस को बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसी दौरान उसके रिश्तेदार रणजीत साहनी ने बताया कि उसका जानकार विदेश भेजने का काम करता है। कंचन ने मोहाली स्थित इमिग्रेशन कंसल्टेंट अरमान से संपर्क किया। अरमान ने उसे अजरबैजान भेजने का खर्च एक लाख 40 हजार रुपए बताया गया, जिनमें से 70 हजार रुपये अग्रिम देने की बात कही गई। आरोपी के झांसे में आकर उसने 70 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिन बाद कंचन को अजरबैजान की टिकट भी दे दी गई। लेकिन फ्लाइट से छह दिन पहले ही आरोपी ने टिकट अपने स्तर पर कैंसिल करवा दी। पूछने पर कहा कि 15 दिन बाद दूसरी टिकट आएगी। इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि जब उसने रकम वापस मांगनी चाही तो आरोपी ने उसे विदेश भेजने से मना कर दिया और पैसे लौटाने के बजाय उसे जान से मारने की धमकी दे दी।

## खबर संक्षेप

### मकान का तोड़ा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** विकास नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात, लगभग दो लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास नगर निवासी नानू राम ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने सोने, चांदी के जेवर दो लाख की नकदी चोरी कर ली।

### भवन निर्माण मजदूर यूनि का प्रदर्शन 26 को

**जींद।** हरियाणा सरकार निर्माण मजदूरों के लाभ रोक कर मजदूरों के हितों पर हमला कर रही है। इसलिए 26 नवंबर को जिला स्तर पर मजदूर किसान प्रदर्शन करेंगे और 14 दिसंबर को निर्माण मजदूर सीएम आवास कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जींद की जिला स्तरीय बैठक सीटू कार्यालय में जिला प्रधान जोगिंद्र की अध्यक्षता में हुई।

### कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 13 को

**जींद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्राचार्य धनीराम शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह में प्रवेश हेतू परीक्षा का आयोजन जिला के 11 परीक्षा केंद्रों पर 13 दिसंबर को प्रातः साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक करवाया जाएगा। सभी अभ्यार्थियों को प्रातः दस बजे से पहले एडमिट कार्ड के अनुसार अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाना होगा।

### अपहरण कर बेहरमी से मारपीट के आरोपी काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने युवक का अपहरण कर बंधक बना, मारपीट करने तथा फिरौती मांगने के दो आरोपितों को गिरफतार कर सदर थाना सफीदों को सौंप दिए। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बुढाखेड़ा निवासी विवेक ने गत तीन नवंबर को शिकायत में बताया था कि गत दो को टोहाना निवासी अजय ने संदेश देकर गांव के बाहर अपनी कार के पास बुला लिया था।

### सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मोनिका ने शुक्रवार को नशा मुक्ति केंद्र नजदीक सोमनाथ मंदिर जींद का किया औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया।

### छोटी बच्ची ने दिखाई जादू की कला

**जींद।** घिमाना गांव के एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल प्रबंधक सत्यवान नेहरा व प्राचार्य पृथ्वी सिंह द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित करके किया गया। फैंसी ड्रेस कंपीटिशन में नर्सरी एलकेजी व यूकेजी कक्षा के बच्चों ने भाग लिया।

## गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह

# शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों और उनको पढ़ाने वाले शिक्षकों को दिए गए नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने सत्र 2024- 25 में हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों और उनको पढ़ाने वाले शिक्षकों को धनराशि के रूप में नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके शिक्षकों की प्रशंसा की और भविष्य में भी मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित और पुरस्कृत करने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संपूर्ण विद्यालय प्रधानाचार्य रागिनी राय के मार्गदर्शन में कार्य करता है विद्यालय के बच्चों ने और शिक्षकों ने जो हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में अपना परचम लहराया है इनका श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय को भी जाता है। उन्होंने प्रधानाचार्य को भी नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ विद्यालय में निरंतर चल रही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद , प्राध्यापिका कर्मजीत कौर, डिंपल त्रिपाठी, राजवीर, पायल नीरज तमन्ना, रमनजीत एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल स्टाफ व बच्चे।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल स्टाफ व बच्चे।

## प्रताप स्कूल में महिला उद्यमिता दिवस पर कार्यक्रम

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में महिला उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता प्रस्तुति का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं विज्ञान के विद्यार्थियों ने महिला उद्यमिता के महत्व और महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भूमिका पर आधारित एक प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला उद्यमियों के योगदान पर एक परिचयात्मक संदेश के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से यह दर्शाया कि आज की महिलाएं किस प्रकार अपनी मेहनत, नेतृत्व, नवाचार और आत्मनिर्भरता से समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान बना रही हैं। अभिनय में स्टार्टअप, तकनीक, हस्तशिल्प, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सुंदर ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों के उत्साह, संवाद-अभिनय और प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल की निर्देशिका पिथी चौधरी तथा प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सृजनात्मकता, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी प्रकार समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और उपस्थित सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर दबोचा फर्जी नौकरी गिरोह का सदस्य

- ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सोनीपत निवासी जितेंद्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत करनाल पुलिस ने अहम सफलता प्राप्त करते हुए दिल्ली एयरपोर्ट से फर्जी नौकरी गिरोह के सदस्य जितेंद्र पुत्र राजेंद्र, निवासी वार्ड नंबर 24, सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक करनाल के कुशल मार्गदर्शन में चौकी सेक्टर-4 इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह व उप निरीक्षक राजबीर सिंह की टीम ने अंजाम दी।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी अपने साथियों—राहुल (दिल्ली), राहुल (कुरुक्षेत्र) व दीपक—के साथ मिलकर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। वे नकली दस्तावेज, फर्जी जॉइनिंग फॉर्म व नियुक्ति पत्र दिखाकर पीड़ितों को विश्वास दिलाते और मोटी रकम ऐंठ लेते थे। शिकायतकर्ता मुनीम कुमार पुत्र मामचंद, निवासी उचाना, थाना सदर करनाल की रिपोर्ट पर थाना शहर में मुकदमा संख्या 938 दिनांक 9/11/2023 के तहत धाराएं 406, 420, 467, 468, 471 व 120-बी आईपीसी में मामला दर्ज था। पुलिस पहले ही मामले के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



### आरोपित पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र को आज न्यायालय में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड अर्जित किया गया। रिमांड के दौरान उससे विस्तृत पूछताछ कर गिरोह के शेष सदस्यों तथा उनके ठिकानों का खुलासा कराया जाएगा और आवश्यक गिरफ्तारियाँ की जाएंगी।



# वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन में उमड़े काकार्यकर्ता

- राव नरेंद्र और रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कैथल में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कैथल में आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' प्रदर्शन में भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र तथा राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने किया। करनाल से आए प्रदर्शन का संयोजन करने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिंदर लाठर भुप्पी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में वोट चोरी कर भाजपा ने सत्ता हथिया ली है और इसका खुलासा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही इस बात को उजागर कर चुके हैं। भूपिंदर लाठर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। प्रदर्शन में कांग्रेस जिला प्रधान रामचंद्र गुर्जर, विधायक आदित्य सुरजेवाला, विकास सहारण, देवेंद्र हंस, पूर्व विधायक सुलतान जडोला, कविश मिड्ढा, पूर्व विधायक दिलूराम बाजीगर, विक्रम और मास्टर जोगीराम सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डाचर-जलमाणा तीर्थ में गूंजा गीता जयंती उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गीता जयंती महोत्सव की श्रृंखला के तहत आज डाचर व जलमाणा तीर्थ में भव्य आयोजनों का समाहार हुआ जिसमें शंखनाद, भजन-कीर्तन और लोक संगीत की ध्वनि ने पूरे तीर्थस्थल को गुंजायमान कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण व आगंतुक मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृष्ण रास, हरियाणवी लोक प्रस्तुतियाँ व मनमोहक भजन-संगीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंचीय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया और कलाकारों को तालियों व जयकारों से सम्मानित किया गया। गजेंद्र फौगाट ने आयोजन का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में गीता जयंती के आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल गीता के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। दक्षेश्वर तीर्थ के संचालक सक्षमगिरी जी महाराज ने युवाओं को गीता के सिद्धांतों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि गीता जीवन-निर्देशन और आधुनिक युग की एक प्रभावी थेरपी है।

# निगम की समीक्षा बैठक में महापौर सख्त अवैध कब्जों से लेकर दिए जरूरी निर्देश

- कर्ण कॉमर्शियल सेंटर, पार्किंग, सामुदायिक केंद्र और मीट मार्केट पर भी बड़े फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गुरुवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में शहर के विकास, सफाई और अवैध कब्जों से निपटने पर सख्त निर्देश दिए। बैठक में कर्ण कॉमर्शियल सेंटर, पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स, कचरा ट्रांसफर स्टेशन, पार्किंग स्थल, सामुदायिक केंद्र, किराएदार दुकानों तथा मीट/मच्छी मार्केट से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने नायब तहसीलदार राम कुमार को निर्देश दिए कि कर्ण कॉमर्शियल सेंटर (मुगल कैनाल) की निशानदेही जल्द पूरी की जाए और यदि कोई अवैध कब्जा मिले तो उसे तत्परता से हटवाकर जगह की तारबंदी करवाई जाए। फूसगढ़ गांव में निगम की जमीन की भी निशानदेही कराने का आदेश दिया गया। निगम की पुरानी सब्जी मंडी, पुराने निगम कार्यालय व जरनैली कोठी क्षेत्र की पार्किंग तथा सेक्टर-9, सेक्टर-13 एक्सटेंशन, सेक्टर-14 व हांसी रोड स्थित सरदार मिल्खा सिंह सामुदायिक केन्द्र को लीज पर देने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश सचिव राम करन भारद्वाज को दिए गए। जहाँ मरम्मत की आवश्यकता हो, वह कार्य करवा लिया जाएगा।



### पशु डेयरियों को शहर से बाहर करने के निर्देश

सचिव ने बताया कि 119 किराएदार दुकानों की सूची में से 16 दुकानों को सील किया जा चुका है, 12 ने किराया चुका दिया है और शेष 91 दुकानदारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं; भुगतान न होने पर और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। उप-निगमायुक्त अभय सिंह को निर्देश दिए गए कि पशु डेयरियों को शहर से बाहर पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित किया जाए; अब तक 53 डेयरियों का शिफ्टिंग हो चुकी है और कॉम्प्लेक्स की बाउंड्री वॉल के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

# सुंदरकांड पाठ से गूंजा बंसल परिवार का आंगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पूजा कॉलोनी स्थित अपने निवास स्थान पर संजीव बंसल परिवार द्वारा अपने बेटे की शादी से पूर्व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही भक्तिमय माहौल देखने को मिला। राम भक्तों की उपस्थिति और गूँजते जयकारों ने पूरे घर-आंगन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पाठ का वाचन केशव विहार स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम से विशेष रूप से पहुंची संत आराधनानंद व संत साधनानंद द्वारा किया गया। शुरूआत मंगलाचरण और हनुमान चालीसा के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड के एक-एक चौपाई और प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो उठे। भजन-कीर्तन के दौरान



वातावरण में राम-भक्ति की अनूठी छटा फैल गई। संत प्रेम आराधना नंद ने कहा कि हनुमान जी का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास और सेवा का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर संजीव बंसल, कांता बंसल, हार्दिक बंसल, ईशु बंसल, राजरानी बंसल, चिंकी शर्मा, पुष्पा शर्मा, विद्या देवी, कृष्णा बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**पिहोवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और भाजपा के प्रतिष्ठित नेता पंडित जय भगवान शर्मा के प्रयासों से पिहोवा विधानसभा में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। हर गांवों को शहरों से और शहरों क गांवों से जोड़ने का संकल्प तेजी से धरातल पर उतर रहा है। सड़क निर्माण, मरम्मत और नई लिंक रोड्स के माध्यम से सरकार ग्रामीणों को आसान आवागमन, व्यापार वृद्धि और बेहतर जीवन-स्तर का तोहफा दे रही है। आज पिहोवा के विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपये की सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास पंडित जय भगवान शर्मा ने किया।

### कुरुक्षेत्र के छात्र देव कर्ण दुनिया के सबसे कम उम्र के यंग एक्टिविस्ट खिताब से सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** जनेवा स्वीट्जरलैंड में आयोजित युनाइटेड नेशनस यंग एक्टिविस्ट समिट 2025 के तहत दुनिया के सबसे कम उम्र के यंग एक्टिविस्ट का खिताब धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के युवा का मिला है। धर्मनगरी के शांति नगर निवासी कक्षा 12वीं के विद्यार्थी देव कर्ण ने यह उपलब्धि प्राप्त कर क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। बता दें कि इस वर्ष समिट के लिए पांच देशों से केवल 5 यंग एक्टिविस्ट चुने गए हैं, जिसमें इंडिया, ब्राजील, जापान, लेबनान, व कोटदीइवोर शामिल हैं। देव कर्ण के अंकल दिनेश शर्मा ने बताया कि देव कर्ण आज भारत के करोड़ों युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुका है।उनकी सफलता यह संदेश देती है कि-/"उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन सपने और संकल्प हमेशा बड़े होने चाहिए। इंडिया के छात्रों के लिए मिसाल बनकर देव यह साबित कर दिया कि यदि युवा टैलेंट को सही दिशा, अवसर और मंच मिले तो वह दुनिया के किसी भी प्लेटफॉर्म पर चमक सकता है। उन्होंने बताया कि इस समिट में देव को उल्लेखनीय कार्यों के लिए इंटरनैशनल यंग एनवायरमेंट लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### 25 को कुरुक्षेत्र आएगें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**कुरुक्षेत्र।** करनाल विधानसभा विधायक जगमोहन आनन्द ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भारत के प्रधानमंत्री आ रहे हैं, उनके दौरे से संबंधित प्रदेशभर में युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। गीता महोत्सव के तहत ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर चल रहें सरस व शिल्प मेले में आए हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 25 नवम्बर को कुरूक्षेत्र में श्री गुरू तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आयोजित भाग लेगें।

# श्रीगुरु तेगबहादुर का 350वां शहीदी पर्व होगा ऐतिहासिकः सुभाष सुधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर बड़े स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर श्री गुरु तेग बहादुर ने शहीदी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। हरियाणा सरकार जिला प्रशासन और हरियाणा गुरुद्वारा प्रबन्धन कमेटी मिलकर कार्यक्रम के प्रबन्धों को पूरा कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को कांबोज धर्मशाला में समाज के लोगों की बैठक में शहीदी पर्व के लिए निमंत्रण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में विभिन्न स्थानों से आने वाली साध संगत के कार्यक्रम स्थान पर पहुंचने के व्यापक प्रबंधक जिला प्रशासन द्वारा भी किए जा रहे है।

## हेल्थ कैंप — श्रीशिव मंदिर धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

# 404 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां की वितरित

- वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीता गर्ग एवं उनकी टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा, इन्नरव्हील क्लब शाहाबाद मारकंडा, श्री मार्कण्डेश्वर शिव मंदिर सभा तथा आदेश मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मोहड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आज श्री शिव मंदिर धर्मशाला में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में आदेश मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, मोहड़ी से वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीता गर्ग एवं उनकी टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. गुंतास गिल, डायरेक्टर, आदेश मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मोहड़ी द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन रोटरी क्लब के सचिव रो. विक्रम गुप्ता ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, डॉक्टर टीम तथा स्थानीय निवासियों का स्वागत करते हुए शिविर के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।



**शाहबाद।** शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### मरीजों के लिए भंडारा भी लगाया

रोटरी क्लब के प्रधान रो. डॉ. आर.एस. घुम्मन ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर समाज हित में अनेक सेवाभावी कार्यक्रम आयोजित करता है और यह नेत्र शिविर भी उसी सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में 404 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई तथा 50 मरीजों को आगे के परामर्श हेतु आदेश हॉस्पिटल में भेजा गया। मरीजों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई तथा निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. गुंतास गिल, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पुनीता गर्ग तथा श्री शिव मंदिर सभा के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. सुरेश गोगिया तथा को-चेयरमैन अभय वाधवा ने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### ये रहे उपस्थित

*सतलुज इंटरैक्ट क्लब ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई क इस अवसर पर शिव मंदिर सभा प्रधान श्री जगमोहन मनचंदा, सचिव राजीव शर्मा, राज कुमार सलूजा, विजय शर्मा, विरेंद्र मनचंदा, प्रवेश शर्मा, बिट्टू बत्रा, रो. राज कुमार गर्ग, रो. डॉ. एस. एस. आहूजा, रो. प्रितपाल सिंह ढिल्लों, रो. कुलदीप गुप्ता, रो. विरेंद्र ठकराल, रो. आर. डी. गुप्ता, रो. सुरेश गोगिया, रो. अभय वधवा, रो. समीर सेठी, रो. परवीन ठकराल, रो. डॉ. उमेश गर्ग, रो. दीपक कक्कर, रो. संदीप ऋषि, रो. गौरव अरोड़ा, रो. उमाकांत सिंगल, रो. एस. सी. सिंगला, रो. महेश गोयल, रो. एस. एस. खुराना, रो. हिमांशु अरोडा, रो. सिद्धार्थ नागर, इन्नरव्हील प्रधान श्रीमती रेनू वधवा, गोल्डी औजला, श्वेता गुप्ता, मधु मदान, माधवी मोदगिल, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सांस अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पांच वर्ष से कम आयु के हर बच्चे की सांसों की सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि निमोनिया ऐसी बीमारी है जिसे समय पर पहचान, जागरूकता और समुचित उपचार से पूरी तरह रोका जा सकता है। इस अभियान को सफल बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**पानीपत।** वीरवार को उपमंडल इसराना में आयोजित समाधान शिविर में तीन शिकायतें दर्ज की गईं। उपमंडल अधिकारी नवदीप सिंह नैन ने इन सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द समाधान के आदेश दिए हैं। वहीं, पहली शिकायत भाजपा के पूर्व जिला प्रधान धर्मपाल जागलान ने दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। जागलान ने आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की, क्योंकि वे कई बार लोगों को चोटिल भी कर चुके हैं।

### टीपू पौडिया का स्वागत किया

**समालखा।** हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन टीपू पौडिया के सम्मान में समालखा हलके के केमिस्ट एवं फार्मासिस्ट समुदाय द्वारा समारोह आयोजित कर स्वागत किया। इस अवसर पर नवीन गाहलयाण, राजकुमार बजाज, रामनिवास गोयल, महेश कुमार, बिजेंद्र , विनोद वर्मा, प्रमोद नैन, सुमित आदि फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### चुलकाना धाम निशान यात्रा 23 को

**पानीपत।** श्री नवयुवक खाटू श्याम मित्र मंडल व प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से पानीपत से चुलकाना धाम की पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मंडल के अमित जैन व रोबिन सिंगला ने संयुक्त रूप से बताया कि भव्य निशान यात्रा 23 नवंबर की सुबह पानीपत जीटी रोड स्थित गौशाला के चांद कक्ष से शुरू होगी।

### कैंप में इकसठ शिकायतें दर्ज की गई

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जनता समाधान शिविर का उद्देश्य यही है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के समाधान के बिना वापस न जाए। हर शिकायत हमारे लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। वहीं, कैंप में इकसठ शिकायतें दर्ज की गई।

### सुंदरकांड पाठ से गूंजा बंसल परिवार का आंगन

**पिहोवा।** पूजा कॉलोनी स्थित अपने निवास स्थान पर संजीव बंसल परिवार द्वारा अपने बेटे की शादी से पूर्व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

---

### आर्य कॉलेज पानीपत में इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

# एसडी कॉलेज की क्रिकेट टीम इंटर कॉलेज जोन चैंपियन बनी



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ दिनेश गोयल ने अपने संदेश में विजेता टीम का हौंसला

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की महिला क्रिकेट टीम ने आर्य कॉलेज पानीपत में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोन चैंपियन के खिताब पर कब्जा किया। नॉक आउट टूर्नामेंट में बायें हाथ की फिरकी गेंदबाज, बल्लेबाज और कप्तान साक्षी एवं उप-कप्तान सोनल के शानदार खेल की बदौलत कॉलेज महिला क्रिकेट टीम ने आईबी कॉलेज की टीम को 60 रन पर आल आउट किया और फिर एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया और आईबी कॉलेज की टीम को 9 विकटों से रौंदा। खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ. सुशीला बेनीवाल, प्रो. आनंद, प्रो. रेखा, प्रो. नीलम, कोच अंकुश मलिक, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया और उनका हौंसला बढ़ाया। वहीं, दिनेश गोयल ने अपने संदेश में विजेता टीम का हौंसला बढ़ाया। जबकि प्राचार्या डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्रिकेट को सामाजिक और प्रतिस्पर्धी दोनों तरह से खेला जा सकता है और इसे सभी उम्र के पुरुष और महिलाएं खेल सकते है। जहां प्रतिस्पर्धी क्रिकेट ज्यादातर मैदान पर खेला जाता है वहीं, इसे मनोरंजन के लिए पिछवाड़े, पार्कों, सड़कों या समुद्र तट पर खेला जा सकता है। इधर, डॉ. सुशीला बेनीवाल ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ क्रिकेट अन्य दूसरे लाभ और अवसर भी प्रदान करता है।

---

**विद्यार्थियों में न केवल इतिहास के प्रति रूचि बढ़ती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास, व्यावहारिक ज्ञान व सांस्कृतिक समझ विकसित होती है**

# विद्यार्थियों ने दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया

■ डॉ. नरवीर ने विद्यार्थियों को अपने धरोहर के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के 'कल्चरल हेरिटेज क्लब विरासत' इतिहास विभाग द्वारा दिल्ली के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया गया। इतिहास विषय के विद्यार्थियों ने इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर, सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. बिजेंद्र, रवि व रेखा मलिक (हिंदी विभाग)के निर्देशन में कुतुबमीनार, नेशनल म्यूज़ियम, लाल क़िला का भ्रमण किया। कुतुब मीनार में विद्यार्थियों ने महरौली लौह स्तंभ, कुव्यत-उस-इस्लाम मस्जिद अलाई दरवाजा व नेशनल म्यूज़ियम में विद्यार्थियों ने प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत की पुरातात्विक सामग्रियों को देखा। भ्रमण के संदर्भ में प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों में न केवल इतिहास के प्रति रूचि बढ़ती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास, व्यावहारिक ज्ञान और सांस्कृतिक समझ भी विकसित होती है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने धरोहर के प्रति जागरूक करने और उन्हें संग्रहित करने के लिए भ्रमण किया गया।




पानीपत। नेशनल म्यूज़ियम के भ्रमण को पहुंचे आईबी कॉलेज के विद्यार्थी।

### उपचार को आर्थिक सहयोग मिलेगा

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



पानीपत। एनसी मेडिकल कालेज में समीक्षा करती नेशनल टीवी एनीमेशन प्रोग्राम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### एनटीईपी के बारे में बातचीत की

# एनसी मेडिकल कॉलेज का आंतरिक मूल्यांकन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ निरीक्षण में एनसी मेडिकल का प्रोग्राम संतोष जनक रहा

नेशनल टीवी एनीमेशन प्रोग्राम, पंचकूला की राज्य आंतरिक मूल्यांकन टीम द्वारा एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना में चल रहे नेशनल टीवी एनीमेशन प्रोग्राम की समीक्षा की। स्टेट टीबी सेल हरियाणा की टीम की अगुवाई डॉ.शरनजोत सिंह द्वारा की गई। डॉ.संतलाल वर्मा नोडल अधिकारी टीबी विभाग एनसी मेडिकल ने कॉलेज का निरीक्षण करवाया। टीम द्वारा अस्पताल के विभिन्न विभाग एमरजेंसी विभाग, आईसीयूएमेडिसिन ओपीडी, ऑर्थोपेडिक्स ओपीडी, पीडियाट्रिक ओपीडी, गायनी और ऑप्स ओपीडी के विभागाध्यक्षों से व चिकित्सों से एनटीईपी के बारे में बातचीत की और आवश्यक निर्देश दिए। टीम द्वारा डॉट लैबोरेट्री वीटीवी डॉट सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। डॉ.शरनजोत सिंह द्वारा किए गए निरीक्षण में एनसी मेडिकल का प्रोग्राम संतोष जनक रहा। निरीक्षण टीम में डा.शरनजोत सिंह, विजेंद्र दांगी, गुरु दत्त, शिवकुमार रहे। इस अवसर पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.एनके कालिया, डॉ.केसी अग्रवाल, डॉ. विजय, डॉ. उमेश, अंकित, मोनिका व संजय आदि मौजूद रहे।

---

### डॉ. दहिया को सराफा भेंट किया

# प्रेरणा का स्तंभ है सिख समाज : डॉ. दहिया




**पानीपत।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी पानीपत में 'हिंद की चादर' के भव्य मंचन की अपार सफलता के बाद शहर की दर्जनों सिख संस्थाओं ने मंगलवार को जिला सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया का अभिनंदन किया। सरदार कुलवंत सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. दहिया को सराफा भेंट किया। दूसरी ओर, सिखों के नौवें गुरु, शहीद-ए-आज़म गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# सकारात्मक सोच रखें, अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें विद्यार्थी : डॉ. गुप्ता

■ परीक्षा को लेकर तनाव खत्म करने के लिए विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'परीक्षा की तैयारी के तनाव और चिंता से निपटना विद्यार्थियों के लिए रणनीतियां' विषय पर सेमिनार किया।

वहीं, मुख्य वक्ता काउंसलर मनीषा आहुजा का प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने स्वागत किया। इधर, काउंसलर मनीषा आहुजा ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा के तनाव और चिंता को कम करने के लिए, एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना और सक्रिय शिक्षण के माध्यम से तैयारी पर ध्यान केंद्रित करें। इस दौरान, पर्याप्त नींद लेने, स्वस्थ आहार लेने और व्यायाम करके अपनी देखभाल को प्राथमिकता दें। वहीं, परीक्षा की तैयारी करते समय, पढ़ाई, खाने, ब्रेक लेने, दोस्तों के साथ समय बिताने और अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए समय निर्धारित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान होने वाला तनाव और चिंता स्वाभाविक है, लेकिन सही रणनीतियों से इसे संभाला जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक या दोस्तों से मदद लें। पर्याप्त नींद, पौष्टिक भोजन और हल्की शारीरिक गतिविधि भी मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। वहीं, विद्यार्थी अपनी सोच को सकारात्मक रखें व अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें।




पानीपत। आर्य कॉलेज में सेमिनार में भाग लेते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

---

*यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद*

# पानीपत में 4357 विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों की परीक्षा दी

**ट्रैफिक नियम को लेकर परीक्षा देते हुए विद्यार्थी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है

पानीपत में यातायात नियमों को लेकर वीरवार को दूसरे चरण की खंड स्तरीय परीक्षा करवाई गई। वहीं, 4357 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इधर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार ने बताया कि दूसरे चरण की खंड स्तरीय परीक्षा को पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। उन्होंने बताया कि आयोजित हुई इस परीक्षा में जिला के पानीपत खंड में तीन, बापौली खंड में दो और मतलौडा, इसराना व समालखा खंड पर एक-एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। वहीं, प्रथम चरण की परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले चारों लेवल के 4357 विद्यार्थियों ने वीरवार को आयोजित हुई दूसरे चरण की खंड स्तरीय परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस परीक्षा का आयोजन किया गया है।

### पुलिस ने मोबाइल फोन वारसान को सौंपे

**पानीपत।** जिला पुलिस की साइबर सैल टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन का सर्च अभियान चलाकर लोगों के लाखों रुपये कीमत के गुम हुए 30 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया है। वीरवार को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में मोबाइल के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सैट सौंपा। गुम हुए मोबाइल फोन को पाकर वारसान के चेहरों पर मुस्कान छा गई। सभी ने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। एसपी सिंह ने बताया कि लोगों ने गुम हुए अपने मोबाइल फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में की हुई थी। वहीं, पानीपत साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रवीन की टीम ने गुम हुए 30 मोबाइल फोन बरामद किए।

---

**मंचन** गुरु तेग बहादुर ने निर्भीक होकर कहा धर्म की रक्षा के लिए मैं अपना शीश दे सकता हूं, परंतु धर्म नहीं बदलूगा

# हिंद की चादर' में जीवंत हुई गुरु तेग बहादुर की बलिदानी गाथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर की 350वीं वर्षगांठ पर आर्य पीजी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 'हिंद की चादर' का भव्य आयोजन किया गया। श्री डी लाइट एंड साउंड प्ले से सुसज्जित इस मंचन में 20 कलाकारों ने गुरु तेग बहादुर के आदर्शों, त्याग और सत्य के प्रति उनकी अडिग निष्ठा को बेहद प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने मंच पर गुरु साहिब के बचपन, उनकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति, ध्यान-समाधि और मुगल शासन के दौरान कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचारों को संवेदनशील ढंग से दर्शाया। शो का प्रमुख केंद्र बिंदु वह क्षण रहा, जब अत्याचार के सामने झुकने के बजाय गुरु तेग बहादुर ने निर्भीक होकर कहा धर्म की रक्षा के लिए मैं अपना शीश दे सकता हूं, परंतु धर्म नहीं बदलूगा। उनके तीन महान अनुयायी भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयालाकी शहादत भी मंचन में अत्यंत मार्मिक ढंग से उभरी, जिसने सभागार में मौजूद दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। दादा कुशाल दहिया का बलिदान प्रस्तुति का सबसे भावुक दृश्य रहा। गंभीर नरेशन, गूंजते वार-गायन, लाल व सुनहरी रोशनी और 3 डी प्रोजेक्शन ने दर्शकों को उस कालखंड में पहुंचा दिया, जब गुरु तेग बहादुर ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।



पानीपत। आर्य कॉलेजी में हिंद की चादर नाटक देखते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे**

अंतिम दृश्यों में शांति, सहिष्णुता और त्याग का सशक्त संदेश उज्ज्वल प्रकाश और भावनात्मक वॉयस ओवर के साथ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. पंकज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह, डीईओ राकेश बूरा, प्राण रत्नाकर, नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा, सरदार कुलवंत सिंह, मास्टर मुकेश, प्रिंसिपल डॉ. रविंदर जागलान, पवन नाजर सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

---

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)**

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नांरग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरजंन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

**शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### वांछित आरोपी को भेजा जेल

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी दीपक को पीओ घोषित किया गया था। 20 नवंबर 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थाना सेक्टर-9 प्रभारी ने बताया कि आरोपी लगभग 1 वर्ष से न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। अब पुलिस ने आरोपी को काबू किया है।

### जुआ खेलने का आरोपी काबू , नकदी बरामद

**अंबाला।** जुआ अधिनियम के तहत थाना पडाव पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में आरोपी मयंक निवासी राजा पार्क महेशनगर को काबू किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसके कब्जे से 1980/-रुपये भी बरामद किए हैं।

### अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के गांव कक्कडमाजरा से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार को 96 पव्वे (24 बोतल) शराब सहित काबू किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इसी प्रकार महेशनगर पुलिस ने आरोपी कर्ण को 11 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने दिल्ली की अमर कॉलोनी के आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पीडित महिला ने 19 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अक्तूबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 के दौरान आरोपी मनोज व अन्य ने उसके पति को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज रास्ता रोक कर मारपीट मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार व रूपेश कुमार को गिरफ्तार किया है। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी राज कुमार उर्फ छोटा कालू ने बताया था।

---

### नन्यौला के गुरद्वारा में होगा रात्रि ठहराव, संगत ने हर चौराहे पर किया भव्य अभिनंदन

# पूर्व राज्यमंत्री बोले-बिना जात धर्म देखे गुरु तेग बहादुर ने कटवाया अपना अंग-अंग

**गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब से शुरू हुई शहीदी यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) वीरवार को ऐतिहासिक गुरूद्वारा बादशाही बाग साहिब से शुरू हुई। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) में शामिल होकर माथा टेककर गुरू का आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पहले उन्होंने बादशाही बाग साहिब गुरूद्वारे में भी माथा टेका। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर ने बिना कोई जात, बिना कोई धर्म देखे, इस हिंद दी रक्षा के लिए अपना बंद-बंद लवाया, अपना सर्वस्व बलिदान किया। पूरी दुनिया के इतिहास में इससे बडी कुर्बानी की बलिदान की कोई मिसाल नहीं हो सकती। श्री गुरू तेग बहादुर का 350वां साला पूरे प्रदेश में श्रदाभाव के साथ मनाने का काम किया जा रहा है। उन्हें हिंद दी चादर कहा जाता है। गुरू तेग बहादुर ने सर्व समाज के लिए कार्य किया है। धर्म व मानवता की रक्षा के लिए उन द्वारा दिया गया बलिदान अतुलनीय है। उन्होनें कहा खाली सिख समाज का नहीं हर एक हिन्दुस्तानी का एक परम कत्र्तव्य है कि इस दिहाडे नू बडी श्रद्धा दे नाल मनावे ते अपने बच्चों व आने वाली पीढियां नू यह संस्कार दे कि गुरू महाराज ने किस प्रकार सारे देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश दिया। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सारे प्रदेश में इस समागम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर कार्य कर रहे हैं। 25 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरूक्षेत्र पहुंचकर अपने श्रद्धासुमन गुरू साहिब के चरणों में अर्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन)निकाला जा रहा है ताकि लोगों को इनकी शहादत का स्मरण रहे और उनका पवित्र सिमरण करके हम अपनी जिदंगी को खुशहाल बना सकते हैं।




**अंबाला।** पालकी साहिब पर मत्था टेककर आशीर्वाद लेते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व नगर कीर्तन में शामिल पांच प्यारों की अगुवाई करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### लंगर बांटकर सेवा की

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मानव चौक के नजदीक यात्रा का स्वागत करते हुए लंगर बांटकर सेवा भी की। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन में हर वर्ग के लोग आगे आकर गुरू का आशीवार्द प्राप्त कर रहे है तथा ऐतिहासिक शहीदी यात्रा का पूरे उत्साह के साथ श्रदापूवर्क स्वागत कर रहे है। नगर कीर्तन के दौरान गतका व जत्थेधारी कीर्तन भी किया जा रहा है।

### श्रदापूर्वक यात्रा का स्वागत

बादशाही बाग से शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा (नगर कीर्तन)मानव चौक होते हुए दुर्गानगर, नसीरपुर, धुरकडा, बलाना, भडी, अहमा, कुर्बानपुर, इस्माइलपुर, मलौर, भुडंगपुर, दौदपुर, नकटपुर मोड, पंजोला, खुर्चनपुर-लौंटा जाएगी। गांव नन्यौला में रात्रि ठहराव होगा। जहां से नगर कीर्तन निकला श्रदालुओं ने पुष्प वर्षा करते श्रदापूर्वक यात्रा का स्वागत करते हुए गुरू का आशीर्वाद लिया। यहां बता दे कि 21 नवंबर को गांव नन्यौला से नगर कीर्तन शुरू होगा जो उदयपुर, रसूलपुर, शेखोंपुर, जगोली, खन्ना माजरा, नवी निहारसी, निहारसी, जनसुआ, जनसुई, नग्गल, मटेडी शेखां, भानोखेडी, लदाना, रवालों, बहबलपुर, बेगो माजरा होते हुए गुरूद्धारा श्री लखनौर साहिब पहुचेंगे।

### श्री गुरु तेग बहादुर ने मानवता-धर्म की रक्षा के लिए दिया था बलिदान

अंबाला। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर ने मानवता व धर्म की रक्षा के लिए जो महान बलिदान दिया है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सबको श्री गुरू तेग बहादुर के पदचिन्हों पर चलते हुए उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए अपना जीवन सफल बनाना है। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने यह अभिव्यक्ति श्री गुरू तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित ऐतिहासिक शहीदी यात्रा/नगर कीर्तन का मानव चौक के नजदीक स्वागत करते हुए मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने इस मौके पर यात्रा का स्वागत कर गुरू का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने लंगर बांटकर सेवा भी की। शर्मा ने कहा कि पूरे देश में श्रद्धापूर्वक श्री गुरू तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धाभाव के साथ मनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने मानवता व धर्म की रक्षा के लिए जो महान कुर्बानी दी है, उससे बड़ी कोई मिसाल नहीं है। इसके साथ-साथ उनके अनुयायी भाई मति दास, भाई सती दास, भाई दयाला ने भी जो कुर्बानी दी है वह भी अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलना है और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होने कहा कि इस पवित्र नगर कीर्तन का हर वर्ग आगे आकर श्रद्धापूर्वक स्वागत कर रहा है। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास व आस्था रखते हुए बिहार की जनता ने एनडीए को चुना है। नीतिश कुमार बिहार के 10वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप, मदन राणा घेल, विशाल, राज कुमार गुप्ता, एडवोकेट धर्मेंद्र, संजय गौड़, देवी दयाल, साहिल शर्मा, दिनेश गौड़, हरपाल सिंह पाली भी मौजूद रहे।

---

# बैंक स्क्वेयर में एक ही छत के नीचे शिफ्ट होंगे 32 बैंक

- बैंक स्क्वेयर में द्वितीय चरण के निर्माण हेतु 64 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली, पहले चरण का काम लगभग पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि छावनी में निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है, इसमें 50 शोरूम का प्रपोज्जल था। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के कार्य के लिए भी लगभग 64 करोड़ रुपए मंजूर हो गए हैं। बाकि का हिस्सा भी बनना शुरू होगा। उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि जब सारा बन जाए तभी शोरूम की नीलामी की जाए। इसके बनने से लोगों को फायदा होगा क्योंकि बाजार में जितने बैंक है उनके पास पार्किंग नहीं है। सड़कों पर वाहन खड़े हो रहे हैं। बैंक स्क्वेयर में लगभग 32 बैंक शिफ्ट होंगे। उन्होंने बताया यहां पार्किंग की बेसमेंट के दो मंजिलों में सुविधा है। इसके अलावा यहां शोरूम भी है जिन्हें ग्लोबल कंपनियों को देने की योजना है। गौरतलब है कि बैंक स्क्वेयर भवन में द्वितीय चरण के निर्माण हेतु 64.47 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है और जल्द टेंडर कर द्वितीय चरण के निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। इससे पहले चल रहा पहले चरण निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। अंबाला छावनी के बैंकों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए प्रारंभ की गई बैंक स्क्वेयर परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी।



**अंबाला।** बैंक स्कवेयर के बाहर अधिकारियों के साथ मंत्री अनिल विज।

### शोरूम बनाए जाएंगे

द्वितीय चरण के तहत बैंक स्क्वेयर में पिछली तरफ बनने वाली बिल्डिंग चार मंजिला होगी जिसमें कई शोरूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पर कार्यक्रम व कांफ्रेंस आदि आयोजित करने के लिए 450 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा। इसके अतिरिक्त रूफ टॉप पर फूड कोर्ट बनाएं जाएंगे जहां लोग खाने-पीने का आनंद ले सकेंगे। मंत्री अनिल विज के प्रयासों से 3.97 एकड़ में बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पहले चरण के कार्य के तहत लगभग 111 करोड़ रुपए की लागत से आगे बन रहे तीन मंजिला भवन का निर्माण कार्य 85 % पूरा हो चुका है।

---

# अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में छात्रों ने दिखाया हुनर, बनाई खूबसूरत पेंटिंग

- संवाद, श्लोकोच्चारण , पेंटिंग, निबंध व भाषण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

खंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह-2025 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कडासन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर नरोत्तम शर्मा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या लता कटारिया की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ज्योति प्रज्वलन के साथ की गई। इस कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा ने मंच संचालन किया और श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व एवं शिक्षाओं पर विस्तृत जानकारी दी। आयोजन का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान संवाद, श्लोकोच्चारण , पेंटिंग, निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में नवीन कुमार, मनीष, मंगतराम, सुमित कुमार, मीना, कर्मवीर सिंह, संजय, तेजवीर, सीताराम, सुमन, संजीव कुमार, नीलम एवं निर्मल सिंह शामिल रहे। संदीप कुमार ने रंगोली के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता के विभिन्न प्रसंगों को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया।



**शहजादपुर।** कार्यक्रम के दौरान तैयार रंगोली देखते शिक्षक व अन्य।

---

# विद्यार्थियों-शिक्षकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी

- रोटरी क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया के सौजन्य से आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में वीरवार को रोटरी क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया के सौजन्य से स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सिविल अस्पताल से पधारी डॉ. पूजा शर्मा (कैंसर स्पेशलिस्ट) रहीं। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के सभी पहलुओं पर सरल, वैज्ञानिक और व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के सही तरीकों, सावधानियों तथा भ्रांतियों के निवारण पर विस्तार से चर्चा की। इसके पश्चात शिक्षकों के लिए एक अलग सत्र आयोजित किया गया जिसमें डॉ. पूजा शर्मा ने कैंसर जागरूकता, व लाइफस्टाइल संबंधी रोग, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ आदतें अपनाने के महत्व पर चर्चा की।



**अंबाला।** छात्रों को संबोधित करती चिकित्सक।

### हादसे में जख्मी किशोरी की मौत

**अंबाला।** राय मार्केट स्थित बिग बाजार के निकट 18 को एक्टिवा की चपेट में आकर घायल हुई बाजीगर मोहल्ला की 16 वर्षीय मुस्कान की एक दिन बाद मौत हो गई। मुस्कान की बुधवार रात को अचानक घर पर उल्टी लगाने के बाद तबीयत बिगड़ गई थी। कैंट के नागरिक अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने व पुलिस द्वारा दो दिन बाद भी टक्कर मारने वाले के खिलाफ कार्रवाई न करने पर जमकर रोष जताया। अस्पताल में नारेबाजी करने के बाद परिजन अंबाला कैंट थाने के बाहर एकजुट हुए। मृतक की मां परमजीत कौर का आरोप था कि हादसे के बाद बेटी को अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी कर दी गई थी।

---

# नगर निगम चुनाव लड़ने वाले दो पूर्व उम्मीदवार भाजपा में शामिल

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली और अंबाला शहर में पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से हो रहे विकास कार्यों का असर लगातार राजनीतिक परिदृश्य पर दिखाई दे रहा है। इन्हीं बदलावों से प्रभावित होकर अब प्रतिदिन विभिन्न पार्टियों के लोग अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इसी क्रम में वीरवार को भी अंबाला शहर के वार्ड 3 और वार्ड 4 से कांग्रेस की टिकट पर निगम का चुनाव लड़ चुके नेताओं सहित कई लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी कार्यकर्ताओं का पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। असीम गोयल ने इस मौके पर कहा कि भाजपा सरकार विकास को प्राथमिकता देती है और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना ही उनकी सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है।



**अंबाला।** भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी नेता।

### पढ़ने की आदत विकसित करें छात्र

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नेशनल लाइब्रेरी सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसकी शुरुआत लाइब्रेरियन डॉ. सीमा सैनी ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह मनाए जाने के उद्देश्य लाइब्रेरी के महत्व को उजागर करना और विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करना के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. दलजीत कौर ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय की विशेषताओं, उपलब्ध संसाधनों और ज्ञान-विकास में इसकी भूमिका पर विस्तार से अवगत कराया। पुस्तक प्रदर्शनी में धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और प्रेरक पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में भूमिका ने प्रथम, महक ने द्वितीय और जसमीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### एमडीएसडी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, कई वक्ताओं ने आदिवासियों के विकास पर की चर्चा

# आदिवासियों की संस्कृति व जीवन शैली के साथ उनके सामने नई चुनौतियों पर किया चिंतन

*एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहर के एमडीएसडी कॉलेज में वीरवार को डॉ. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (हाइब्रिड मोड) का सफल आयोजन किया गया। सेमीनार का आयोजन किया गया। आदिवासी अध्यन,संस्कृति, भूमि की कथाएं एवं विमर्श था। सेमीनार का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल एवं पेटर्न डॉ. सीमा सिंघल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया। सेमीनार में मुख्यअतिथि के तौर पर धर्मपाल अग्रवाल एवं वीना अग्रवाल पधारी थी । उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और विरासत न केवल हमारी पहचान हैं।




**अंबाला।** सेमीनार में शामिल मुख्य वक्ता व कॉलेज शिक्षक व शोध पत्र पेश करने पर लाइब्रेरियन कौशल चौहान को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया

डॉ. राजपाल ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने इंडियन नॉलेज सिस्टम के बारे में चर्चा की। इसके बाद डॉ. रवि भूषण दायां मस्तिष्क गोलार्ध / दायां गोलार्ध आदि तथ्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद विभिन्न मुख्य सत्रों में कई प्रमुख व्यक्तियों ने आदिवासी ज्ञान, संस्कृति और पहचान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सेमीनार में देशभर से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता की। प्रथम तकनीकी सत्र का आयोजन कांफ्रेंस हॉल किया गया। इसमें डॉ. सीमा राणा द्वारा चेयर किया गया जिसमें मॉडरेटर की भूमिका में डॉ. मोनिका मिगलानी रही। अन्य सत्रों का आयोजन जूम क्लासरूम के माध्यम से किया गया जिसमें डॉ. राजेश चौहान, डॉ. ललिता ने सेशन चेयर किए तथा देश

### टीम को प्रोत्साहित किया

संगोष्ठी की संयोजक डॉ. अनुराधा ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जबकि सह संयोजक डॉ. मोनिका ढिल्लों ने मंच का संचालन किया। आयोजक सचिव डॉ. आंचल ने डॉ रवि भूषण से परिचित कराया। लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान ने आयोजन समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई तथा जनसंपर्क अधिकारी के रूप में रिपोर्ट लेखन एवं समाचार संप्रेषण का दायित्व अत्यंत कुशलता और प्रभावशीलता के साथ निभाया। साथ ही डॉ. चौहान ने डिजिटल अभिलेखों के माध्यम से स्वदेशी ज्ञान संरक्षण, सांस्कृतिक स्थिरता में पुस्तकालय की भूमिका से अपना शोध-पत्र भी प्रस्तुत किया। सेमीनार में निशू बंसल, कर्मजीत कौर, सीमा अग्रवाल शामिल रहे। संगोष्ठी के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान अरविंद अग्रवाल, अनित बिंदल ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक और शोध आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया।